वित्त मंत्रालय
लोक उद्यम विभाग
अक्टूबर, 2024 माह हेतु डीपीई की मासिक उपलब्धियां
****

1. **सीपीएसई का संचालन:-**

क. शीर्ष समिति की सिफारिशों और माननीय मंत्री (वित्त) की मंजूरी के आधार पर, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को महारत्न का दर्जा (12 अक्टूबर, 2024 को) दिया गया।

ख. इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) को नवरत्न का दर्जा देने के रेल मंत्रालय के प्रस्ताव पर विचार करने के लिए अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) की बैठक (24 अक्टूबर, 2024 को) आयोजित की गई थी।

ग. रोहिणी हेलीपोर्ट लिमिटेड को अनुसूची 'ग' सीपीएसई के रूप में वर्गीकृत करने के नागरिक उड्डयन मंत्रालय के प्रस्ताव पर विचार किया गया और उसे मंजूरी दी गई (23 अक्टूबर, 2024 को)।

घ. डीपीई ने निम्नलिखित प्रस्तावों को मंजूरी दी: (i) एग्रीनोवेट इंडिया लिमिटेड (एजीआईएन) में बोर्ड स्तर से नीचे के 12 पदों के सृजन के लिए कृषि मंत्रालय (16 अक्टूबर, 2024) के प्रस्ताव को; (ii) राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) में बोर्ड स्तर से नीचे के 06 पदों को तत्काल आमेलन के नियम से छूट देने के लिए इस्पात मंत्रालय (18 अक्टूबर, 2024) के प्रस्ताव को; (iii) एनटीपीसी में मुख्य समन्वयक के पद को तत्काल आमेलन के नियम से छूट देने के लिए विद्युत मंत्रालय (24 अक्टूबर, 2024) के प्रस्ताव को; और (iv) आईएफएससी गिफ्ट सिटी में इंडियन ऑयल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी - आईओसी ग्लोबल कैपिटल मैनेजमेंट आईएफएससी लिमिटेड (आईजीसीएमआईएल) (25 अक्टूबर, 2024 को) के लिए डीपीई दिशानिर्देशों से छूट के लिए प्रस्ताव।

2. **एनएलएमसी में अध्यक्ष और सीईओ: -**

क. राष्ट्रीय भूमि मुद्रीकरण निगम (एनएलएमसी) के निगमन का अनुमोदन करने वाले मंत्रिमंडल नोट के अनुसार, एनएलएमसी के निदेशक मंडल की नियुक्ति मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति (एसीसी) द्वारा अंततः अनुमोदन दिए जाने पर खोज-सह-चयन समिति (एससीएससी) के माध्यम से की जाएगी। इस संबंध में, लोक उद्यम विभाग के अनुरोध पर कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने मंत्रिमंडल सचिव की अध्यक्षता में एससीएससी का गठन किया था जिसमें नीति आयोग के सीईओ, डीपीई के सचिव और दो प्रतिष्ठित गैर-सरकारी व्यक्ति शामिल थे।

ख. एससीएससी ने दिनांक 01.12.2022 और 01.03.2023 को आयोजित अपनी बैठकों में एनएलएमसी के निदेशक मंडल की नियुक्ति के लिए निबंधन और शर्तें तैयार कीं। तदनुसार, डीपीई ने दिनांक 15.05.2023 को अध्यक्ष (गैर-सरकारी निदेशक) और सीईओ, एनएलएमसी के पदों के लिए विज्ञापन जारी किया।

ग. एससीएससी ने दिनांक 22.08.2023 और 18.09.2023 एवं 20.09.2023 को आयोजित अपनी बैठकों में अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया है और अभ्यर्थियों के साथ परस्पर संपर्क और अनुमोदन के लिए एसीसी को एक प्रस्ताव भेजा गया।

घ. हालांकि, मंत्रिमंडल सचिवालय (दिनांक 21.11.2023 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से) ने सूचित किया कि एनएलएमसी में अध्यक्ष (अंशकालिक गैर-सरकारी) और सीईओ के पदों पर नियुक्ति का प्रस्ताव एसीसी के विचार के लिए प्रस्तुत किया गया था जिसे समिति द्वारा वापस भेज दिया गया है। इसलिए, अध्यक्ष (अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक) और सीईओ, एनएलएमसी के पदों के लिए नियमित पदधारियों की नियुक्ति नहीं की गई है।

3. स्वतंत्र निदेशकों (आईडी) के कार्यकाल और रिक्ति की स्थिति:-

विभिन्न सीपीएसई के निदेशक मंडलों में स्वतंत्र (गैर-सरकारी) निदेशकों के 750 पद हैं, जिनमें से 31 अक्टूबर, 2024 की स्थिति तक 441 पद रिक्त हैं। सूचीबद्ध सीपीएसईज़ के निदेशक मण्डलों में स्वतंत्र/गैर-सरकारी निदेशकों के 200 रिक्त पद हैं जो सेबी (एलओडीआर) विनियमों के उपबंधों के अनुपालन में नहीं हैं। संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग तथा सीपीएसई स्वतंत्र/गैर-सरकारी निदेशकों के रिक्त पदों को भरने के लिए लोक उद्यम विभाग को नियमित रूप से स्मरण कराते रहे हैं। रिक्त पदों को नियमित आधार पर भरने और नियमित नियुक्तियां होने तक मौजूदा स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति अवधि बढ़ाने के लिए डीओपीटी के साथ परामर्श करके कदम उठाए जा रहे हैं।

*****